PATLIPUTRA UNIVERSITY
PATNA - 800020

E-mail: Patliputrauniversity2018@gmail.com

Ref.no:-DSW/372/PPU/2026 Date:-03/10/2026

अति आवश्यक सूचना

पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना के क्षेत्राधिकार में पड़ने वाले अंगीभूत एवं डिग्री सम्बद्ध महाविद्यालयों/विद्यार्थियों/अभिभावकों को सूचित किया जाता है कि सत्र 2026–30 में **U.G. (Regular)** में उपलब्ध रिक्त सीटों के विरुद्ध **Spot Admission Round** आयोजित किया जा रहा है। यह प्रक्रिया समय–सारणी के अनुसार संचालित होगी तथा विद्यार्थियों को उपलब्ध रिक्त सीटों के आधार पर स्नातक पाठ्यक्रमों में नामांकन का अवसर प्रदान किया जाएगा।

क्रम सं०	चरण	तिथि
1.	**Spot Admission Round** के लिए ऑनलाइन आवेदन की तिथि	06 अक्टूबर 2026 से 08 अक्टूबर 2026
2	मेधा सूची जारी करने की तिथि	09 अक्टूबर 2026
3	महाविद्यालय में नामांकन लेने की तिथि	10 अक्टूबर 2026 से 12 अक्टूबर 2026

1. **Spot Admission Round** के संबंध में आवश्यक सूचना:

   - पूर्व के नामांकन चरणों में जिन अभ्यर्थियों का किसी भी कॉलेज में नामांकन नहीं हो सकता है, वे पंजीकृत अभ्यर्थी अपने लॉगिन आईडी से उपलब्ध रिक्त सीटों के विरुद्ध बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के आवेदन कर सकेंगे तथा अधिकतम 03 (तीन) महाविद्यालयों एवं 05 (पाँच) विषयों के लिए नए विकल्प दे सकेंगे।

   - **Spot Admission** केवल उपलब्ध रिक्त सीटों के विरुद्ध होगा। महाविद्यालयवार एवं विषयवार रिक्तियों का विवरण संबंधित पोर्टल पर उपलब्ध रहेगा।

   - जिन अभ्यर्थियों का पूर्व में नामांकन हो चुका है वे **Spot Admission** हेतु पात्र नहीं होंगे।

2. ऑनलाइन आवेदन एवं पोर्टल संबंधी व्यवस्था:

   - पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना के पंजीकृत अभ्यर्थी **Spot Admission** हेतु **Samarth Portal** के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करेंगे। अभ्यर्थी उसी पोर्टल का उपयोग करेंगे, जिस पर उनके द्वारा पूर्व में नामांकन हेतु पंजीकरण किया गया था।

   - **Admission Portal:** ppupadm.samarth.edu.in

   - University Website: www.ppup.ac.in

PATLIPUTRA UNIVERSITY
PATNA - 800020

E-mail: Patliputrauniversity2018@gmail.com

3. अभ्यर्थी आवेदन करने से पूर्व पोर्टल पर उपलब्ध महाविद्यालयवार एवं विषयवार रिक्त सीटों का अवलोकन कर अपने विकल्प सावधानीपूर्वक प्रस्तुत करें।

4. **Spot Admission Round** स्नातक नामांकन सत्र 2026–30 में उपलब्ध रिक्त सीटों पर नामांकन का अंतिम अवसर है।

5. **Spot Admission Round** सत्र 2026–30 में नामांकन के उपरान्त किसी भी प्रकार के कोटा के तहत नामांकन नहीं किया जाएगा।

कुलपति के आदेशानुसार।
ह0/–
(प्रो0 राजीव रंजन)
डी0 एस0 डब्लू
पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना।

ज्ञापांक DSW/372/PAU/2026 पटना, दिनांक 05/10/2026

प्रतिलिपि:
1. सभी महाविद्यालयों को सूचनार्थ
2. कुलपति/कुलसचिव के निजी सचिव को सूचनार्थ।
3. वित्तीय परामर्शी/वित्त पदाधिकारी/परीक्षा नियंत्रक/कुलानुशासक को सूचनार्थ।
4. संरक्षित शाखिका।

05/10/26